कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 29.06.2025

विषय:- थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा चेन स्नैचिंग के मामले में वांछित 01 नफर अभियुक्त मोहम्मद रियाज को गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से कुल 22500/- नगद बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम, चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व में थाना लालपुर पाण्डेयपुर टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 156/2025 धारा 304(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त मोहम्मद रियाज अहमद उर्फ राजा अन्सारी पुत्र नादिर अली अन्सारी निवासी-ग्राम प्रधान पट्टी थाना कुबेर स्थान जनपद कुशीनगर को आज दिनांक 29.06.2025 को समय करीब 04.05 बजे आवास विकास कालोनी तिराहे पर पार्क के किनारे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 22500/- रूपये बरामद किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार थाना लालपुर पाण्डेयपुर द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण -

दिनांक 12.06.2025 को वादिनी मुकदमा ने अज्ञात अपाचे मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति द्वारा पता पूछने के बहाने से वादिनी गले से सोने की चैन छीन कर भाग जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 महेश मिश्रा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण -

अभियुक्त मोहम्मद रियाज उपरोक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं अपने 02 साथियों परवीन उर्फ काजू अंसारी और अजीत सिंह के साथ मिलकर सुबह-शाम अकेली महिलाओं को बात करने के बहाने रोककर उनकी सोने की चेन छीन कर हम लोग भाग जाते थे। छीनी गई चेन को ज्यादातर अपने साथी अजीत सिंह को बेचने के लिए देते थे और बिक्री से जो रकम मिलती थी वो हम तीनों बराबर-बराबर आपस में बांट लेते थे। दिनांक 18 अप्रैल 2025 को सुबह कुंज बिहार कॉलोनी में अपाचे मोटरसाइकिल से हम लोगों ने एक महिला

की चेन छीन कर भाग गए थे, जिसे अजित द्वारा 45,000 रुपये में बेचा गया और हमने 15-15 हजार रुपये आपस में बांट लिए थे जिसमें से मेरे पास सिर्फ 8,000/- रु0 ही बचे हैं। दिनांक 12 जून 2025 को संजय नगर कालोनी में एक महिला की चेन छीने थे जो तीन टुकड़ों में टूट गई थी जिसका एक छोटा हिस्सा मेरे पास था उसको बेचकर मुझे 16,000 रुपये मिले थे जिसमें से मेरे पास सिर्फ 14,500 रु0 ही शेष बचे हैं और बाकी खर्च हो गए। इसी क्रम में दिनांक 16 अप्रैल 2025 को भी हमने सलारपुर में एक महिला से चेन छीनने की कोशिश की थी, लेकिन शोर मचने पर हम लोग मौके से भाग गए थे। हम लोग घटना कारित करते समय अपनी अपाचे मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट बदल देते थे या हटा देते थे ताकि पहचान न हो सके।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

मोहम्मद रियाज अहमद उर्फ राजा अन्सारी पुत्र नादिर अली अन्सारी निवासी-ग्राम प्रधान पट्टी थाना कुबेर स्थान जनपद कुशीनगर, उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

अभियुक्त के कब्जे से कुल 22500/- रुपये बरामद।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान –

आवास विकास कालोनी तिराहे पर पार्क के किनारे से, दिनांक 29.06.2025 को समय करीब 04.05 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 0156/2025 धारा 304(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0 0238/2025 धारा 304(2) बीएनएस थाना कैन्ट वाराणसी कमिश्नरेट वाराणसी।
3. मु0अ0सं0 0292/2025 धारा 304(2)बीएनएस थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, उ0नि0 महेश मिश्रा, का0 लबरेज खान, का0 वीरेन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।